देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 05.03.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- भारत ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में जारी संघर्ष का समाधान संवाद और कूटनीति से करने का आह्वान दोहराया
- टिहरी झील महोत्सव की तैयारियां पूरी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल करेंगे शुभारंभ।
- भारत ने खाड़ी क्षेत्र में अपने एक करोड़ नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।
- होली का पर्व राज्य में हर्षोल्लास और शांतिपूर्वक ढंग से मनाया गया।
- आई.सी.सी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्वकप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में आज भारत का सामना इंग्लैंड से होगा।

कूटनीति

भारत ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में जारी संघर्ष का समाधान संवाद और कूटनीति से करने का आह्वान दोहराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत इस संघर्ष के शीघ्र समाप्ति के पक्ष में है।

टिहरी झील महोत्सव

टिहरी झील महोत्सव का कल से शुभारंभ होने जा रहा है। महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह महोत्सव नौ मार्च तक आयोजित होगा, जिस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, साहसिक और मनोरंजनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इस बीच, जिला प्रशासन ने पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कल से आठ मार्च तक आवागमन के लिए विशेष रूट चार्ट जारी किया है। निर्धारित रूट चार्ट में विभिन्न मार्गों पर वाहनों की उपलब्धता, वाहन केंद्र, बसों की संख्या, संबंधित संपर्क कर्मियों तथा नोडल अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर की सूची जारी की गई है। जारी रूट चार्ट में नरेंद्रनगर, भिलंगना, थौलधार, चंबा, जौनपुर, जाखणीधार, कीर्तिनगर और प्रतापनगर ब्लॉक सहित जिला मुख्यालय से जुड़े मार्गों को शामिल किया गया है।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में सहभागिता करने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए बसों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

होली

प्रदेश में रंगों का त्योहार होली कल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व पर शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों में पुलिस तैनात रही। छुटपुट घटनाओं के अतिरिक्त राज्य के सभी हिस्सों में होली का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाया गया।

उधर, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कल गढ़ी कैंट पहुंचकर सेना के जवानों के साथ हर्षोल्लास से रंगोत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने 127 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) के सैनिकों के साथ होली खेली और उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

श्री जोशी ने कहा कि हमारे सैनिक विषम परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, जिससे देशवासी सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर पाते हैं। ऐसे में त्योहारों के अवसर पर उनके साथ समय बिताना और उनका उत्साहवर्धन करना हम सभी का दायित्व है।

खेल

आई.सी.सी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्वकप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में आज भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला रोमांच से भरपूर रहने की उम्मीद है। दोनों टीमों की नजरें जीत दर्ज कर 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले खिताबी मुकाबले पर टिकी हैं।

इससे पहले कल न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए सेमीफाइनल मुकाबले को न्यूजीलैंड ने जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। कप्तान मिचेल सैंटनर की अगुवाई में टीम ने पहले सेमीफाइनल में पिछले वर्ल्ड कप की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश किया है।

उधर, बर्मिंघम में इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष सिंगल्स में भारत के लक्ष्य सेन ने चीन के शी यु ची को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने शी यु ची को 23–21, 19–21, 21–17 से मात दी।

स्वरोजगार

राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाएं युवाओं को रोजगार से जोड़ने में मदद कर रही हैं। नैनीताल जिले के धारी विकासखंड निवासी महेंद्र सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से जुड़कर अपना व्यवसाय शुरू किया है।

महेंद्र ने वर्ष 2022 में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक से तीन लाख रुपये का ऋण लेकर मोबाइल रिपेयरिंग का कार्य शुरू किया। इस दौरान उन्हें जिला उद्योग केंद्र हल्द्वानी से मार्गदर्शन भी मिला।

आज उनका व्यवसाय सफलतापूर्वक चल रहा है और इसके माध्यम से दो अन्य लोगों को भी रोजगार मिल रहा है।

'परिवर्तन यात्रा'

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने कूचबिहार जिले में 'परिवर्तन यात्रा' की शुरुआत कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अभियान की शुरूआत कर इसे व्यापक भ्रष्टाचार के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार को जवाबदेह ठहराने का अभियान बताया। पार्टी अध्यक्ष नबीन ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय उन्हें घर में रहने की सलाह देती है। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप भी लगाया और कहा कि केवल भाजपा सरकार ही राज्य में व्यवस्था बहाल कर सकती है।

इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा पश्चिम बंगाल की जनता लंबे समय से भय, भ्रष्टाचार और बदहाली से जूझ रही है परंतु अब बदलाव की स्पष्ट इच्छा दिखाई दे रही है। इसी उद्देश्य से पश्चिम बंगाल में विभिन्न स्थानों पर परिवर्तन यात्रा शुरू हुई है और भाजपा गांव–गांव तक पहुंचकर जनता से संवाद कर रही है।

विश्व मोटापा दिवस

आज विश्व मोटापा दिवस है। यह दिन मोटापे के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाय जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बढ़ते मोटापे को लेकर चिंता जताई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। यह केवल शरीर के आकार का मुद्दा नहीं बल्कि मधुमेह और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों का कारण भी बन रहा है।